# Fiberweb (India) Limited
Manufactures of: Spunbond Nonwoven Fabrics

**Date: 02nd June, 2025**

| To, | To, |
|---|---|
| **BSE Limited**<br>Corporate Relations Department,<br>1st Floor, New Trading Ring,<br>P. J. Towers, Dalal Street,<br>Mumbai - 400 001. | **National Stock Exchange of India Limited**<br>Exchange Plaza,<br>Plot No. C/1, G Block,<br>Bandra - Kurla Complex, Bandra (East),<br>Mumbai - 400 051. |

**Reference: BSE Scrip code - 507910 - Fiberweb (India) Limited**
**NSE Scrip code: FIBERWEB**

**Sub: Submission of Advertisement published in newspapers for Standalone Audited Financial Results for the 4th quarter and year ended 31st March, 2025.**

Dear Sir / Madam,

In compliance with the Regulation 47 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations 2015, we are enclosing herewith advertisement published in the newspapers in respect of Standalone Audited Financial Results for the 4th quarter and year ended 31st March, 2025.

Kindly take note of the same.

Thanking you,

Yours faithfully,

For **Fiberweb (India) Limited**

PRAVIN VRAJLAL SHETH

Digitally signed by PRAVIN VRAJLAL SHETH
DN: c=IN, o=Personal, postalCode=400019, st=Maharashtra, serialNumber=42B1CA804A57F32F787CAF3CC8DC4909D755D654242A3BACB3665DD59C143D5D, cn=PRAVIN VRAJLAL SHETH
Date: 2025.06.02 12:16:13 +05'30'

**Pravin V. Sheth**
**Chairman & Director**
**DIN: 00138797**

# मुंबई समाचार

## डकैती करने से पूर्व चार डकैत धराए

**भिवंडी, ( ईएमएस )।** भिवंडी शहर में आधी रात के करीब डकैती की तैयारी कर रहे डकैतों को शांतिनगर पुलिस ने दौराकर आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चार डकैतों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक बीएमडब्ल्यू कार, दो देशी चाकू और दो पिस्तौल यानि कुल 17 लाख 35 हजार 200 रुपये जब्त किए। मिली जानकारी के अनुसार भिवंडी के शांतिनगर पुलिस स्टेशन की जांच टीम शुक्रवार आधी रात के करीब गश्त कर रही थी, तभी शांतिनगर थाने के पुलिस कांस्टेबल प्रशांत बर्वे को सूचना मिली कि वंजारपट्टी नाका क्षेत्र के शानदार मार्केट स्थित खुले मैदान के पास पांच लोग हथियार और आग्नेयास्त्र लेकर डकैती की तैयारी कर रहे हैं। इसकी जानकारी वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड़ को देने के बाद उन्होंने सहायक पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपड़े, सहायक पुलिस निरीक्षक योगेश गायकवाड़ समेत एक पुलिस टीम को भेजा। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सड़क पर खड़ी संदिग्ध बीएमडब्ल्यू कार के पास पहुंची। कार सवार शोएब शाहिद शेख, नौशाद मकसूद आलम खान, आफताब अफसर शेख, शहाबुद्दीन अलीमुद्दीन अंसारी को हिरासत में लेकर कार की तलाशी ली गई। इस दौरान उनके कब्जे से दो देशी चाकू, दो देशी पिस्तौल, एक लोहे का चाकू, एक लोहे की रॉड, एक रस्सी, तीन कपड़े के मास्क, मिर्च पाउडर, एक बैग में 4 जोड़ी सफेद दस्ताने, एक चाकू, सेलो टेप और एक मोबाइल फोन मिला। शांतिनगर पुलिस ने डकैती की तैयारी कर रहे चार आरोपियों को 17 लाख 35 हजार 200 रुपये के कीमती सामान के साथ गिरफ्तार कर उनके खिलाफ शांतिनगर थाने में मामला दर्ज किया है। शनिवार की सुबह उन्हें भिवंडी न्यायालय में पेश करने पर सभी आरोपियों को 4 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

## सिंहस्थ कुंभ मेले को लेकर तीनों अखाड़ों के महंतों ने की साधुग्राम के लिए 1500 एकड़ जमीन आरक्षित करने की मांग

**नासिक, ( ईएमएस )।** पंचवटी तपोवन में आगामी सिंहस्थ कुंभ मेले के मद्देनजर तपोवन क्षेत्र के मकवाना भवन में नासिक के तीनों अखाड़ों के महंतों की मौजूदगी में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान महंत राजेंद्रदास महाराज ने मांग की है कि साधुग्राम के लिए 1500 एकड़ जमीन स्थायी रूप से आरक्षित की जाए। वैष्णव अखाड़ों के तीनों अखाड़ों निर्मोही, निर्वाणी और दिगंबर के प्रमुख महंतों ने कल पत्रकारों से बातचीत की। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में आज हुई बैठक की पूर्व संध्या पर साधुओं ने सरकार के सामने कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे रखे हैं। इस अवसर पर राजेंद्रदास महाराज ने कहा, कुंभ मेले की परंपरा अनादि काल से चली आ रही है। पहले तीनों अखाड़ों के अधीन 400 खालसा थे। अब इनकी संख्या ग्यारह सौ तक पहुंच गई है। महत्वपूर्ण यह है कि चूंकि भविष्य में इन खालसाओं की संख्या बढ़ेगी, इसलिए प्रशासन तपोवन और आसपास के क्षेत्रों में पंद्रह सौ एकड़ भूमि आरक्षित करे। महंत राजेंद्रदास महाराज ने यह भी कहा कि सिंहस्थ कुंभ मेले में तेरह मुख्य अखाड़े शामिल हैं, प्रशासन को इन तेरह अखाड़ों के अलावा किसी अन्य अखाड़े पर विचार नहीं करना चाहिए। महंत राजेंद्रदास ने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भव्य, दिव्य कुंभ मेला आयोजित होगा। इस कुंभ मेले के आयोजन में सनातन और धार्मिक परंपराओं का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इसकी परंपराओं का पालन किया जाना चाहिए।

## लड़कियों को देह व्यापार में धकेलने वाली महिला को 14 साल की कठोर सजा

**ठाणे, ( ईएमएस )।** आर्थिक रूप से गरीब और 10वीं कक्षा में पढ़ने वाली और उनके जरिए रैकेट चलाने वाली एक दलाल महिला को ठाणे पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश डी.एस. देशमुख ने पीटा एक्ट के तहत दोषी करार देते हुए उसे 14 साल की कठोर सजा सुनाई है। यह मामला 2014 का है। समाज सेवा शाखा को सूचना मिली थी कि गोरेगांव के आरे कॉलोनी में महिलाएं लड़कियों से देह व्यापार करवा रही हैं। मिली जानकारी के मुताबिक समाज सेवा शाखा ने फर्जी ग्राहकों को एक जगह भेजा जहां देह व्यापार चल रहा था। वहां देह व्यापार का धंधा चला रही महिला ने लड़कियों के बदले 50 हजार रुपये मांगे। उसके बाद फर्जी ग्राहक ने महिला को पैसे देने में तत्परता दिखाई। जब महिला साउथ कोस्ट होटल में दो लड़कियों को लेकर आई तो उसे हिरासत में ले लिया गया। हिरासत में लेने के बाद महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। ठाणे जिला सत्र न्यायालय के विशेष पॉक्सो न्यायाधीश डी.एस. देशमुख की अदालत में इस मामले की सुनवाई चल रही थी। इसमें सरकारी वकील रेखा हिवराले द्वारा दी गई दलील में महिला ने स्वीकार किया कि वह इन स्कूली लड़कियों की गरीबी का फायदा उठाकर देह व्यापार कर रही थी। इसके साथ ही पूरी घटना का पर्दाफाश करने के लिए ठाणे जिला सत्र न्यायालय के समक्ष बोगस ग्राहक और परिस्थितिजन्य साक्ष्य रखे गए। इस पूरे साक्ष्य की पुष्टि करने के बाद न्यायाधीश डी.एस. देशमुख ने महिला दलाल को दोषी पाया। इसके बाद न्यायाधीश डी.एस. देशमुख ने महिला को 14 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही महिला पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

## जुहू बीच पर दोस्त के साथ फोटो ले रहा युवक समंदर में डूबा

**मुंबई, ( ईएमएस )।** मुंबई के जुहू बीच पर दोस्त के साथ फोटो ले रहा एक युवक समुद्र में डूब गया। यह घटना शनिवार शाम पौने छह बजे हुई। बताया गया है कि युवक जब जुहू बीच पर अपने दोस्तों के साथ फोटो खिंच रहा था, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में डूबने लगा। चूँकि उसे तैरना नहीं आता था, इसलिए वह डूबने लगा। वह और उसके दोस्त चिल्लाने लगे। वहां मौजूद लाइफगार्ड्स ने समुद्र में कूद गए और तैरकर युवक के पास पहुंचे और उसे बाहर निकाला। लेकिन तबतक उसके नाक और मुंह में पानी जाने से उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद स्थानीय मछुआरे, जुहू पुलिस और दमकल विभाग मौके पर पहुंचा। इस मानसून सीजन की यह पहली दुर्घटना है। पुलिस ने नागरिकों को समुद्र में गहराई में न जाने की सलाह दी है। बताया जा रहा है कि यह घटना जुहू कोलीवाड़ा में जेटी पर हुई। बार-बार चेतावनी के बावजूद 19 वर्षीय युवक सेल्फी लेते समय समुद्र में डूब गया। मृतक युवक की पहचान अनिल अर्जुन राजपूत के रूप में हुई है। तेज लहरों और समुद्र में हाई टाईड के कारण अनिल समुद्र में बह गया। शनिवार शाम करीब साढ़े पांच बजे एक युवक को वहां चट्टान पर खतरनाक तरीके से पोज देते हुए देखा गया, जिसमें उसके दोनों हाथ ऊपर उठी हुई थीं और लहरें उसके चारों ओर टकरा रही थीं। कुछ ही क्षणों में, एक तेज़ लहर आई और वह पानी में गिर गया। यह क्षेत्र अपनी खतरनाक धाराओं और बड़ी चट्टानों के लिए कुख्यात है और लहरें यहाँ बचाव कार्यों को बेहद मुश्किल बना देती हैं।


## महानायक ने अपने ब्लाग में लिखा, अब शरीर आराम मांग रहा

**मुंबई ( ईएमएस )।** हिंदी फिल्मों के महानायक अभिनेता अमिताभ बच्चन 83 साल की उम्र में भी पूरी शिद्दत से काम करते हैं। अपने टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति', विज्ञापनों और फिल्मों की शूटिंग के अलावा बिग बी के पास कई इवेंट्स हैं, जिसमें वे शामिल होते हैं। इस उम्र में उनकी मेहनत प्रेरणादायक है। लेकिन अब अभिताभ के हाल के ब्लॉग में कुछ ऐसा लिख दिया है जिसे पढ़ने के बाद उनके फैंस महानायक की तबीयत को लेकर चिंता में पड़ गए हैं। अमिताभ ने लिखा है कि अब उनका शरीर आराम मांग रहा है। अमिताभ ने लिखा, कभी-कभी, शरीर आपके स्वभाव पर हावी हो जाता है और एक आदेश देता हैं कि आराम करो। इसलिए मैंने हार मान ली और वहीं किया जो शरीर चाहता था। और फिर इसने, शरीर ने, मुझे बताया कि सबसे ऊपर कौन है-शरीर !! उन्होंने बताया कि आज की तेज-रफ्तार दुनिया में वह खुद को थोड़ा अलग-थलग महसूस करते हैं। उन्होंने लिखा, 83 साल की उम्र में, मेरे पास बहस करने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन मंच को अभिव्यक्ति और समझ की एक निश्चित गंभीरता की आवश्यकता है, जो कि आज की दुनिया में घटती हुई घटना है। अमिताभ के ब्लॉग के बाद उनके करोड़ फैंस महानायक की तबीयत को लेकर परेशान हैं। अभिनेता इस उम्र में भी काम कर रहे हैं जिससे उनका शरीर ज्यादा थक रहा है। लेकिन इसके बावजूद बिग बी हर रविवार को अपने फैंस से मिलने घर के बाहर आते हैं। कभी कुछ कुछ देकर फैंस का शुक्रियादा करते हैं।

## मुंबई पुलिस ने ज्वेलरी शॉप में चोरी करने वाले चोर को जूते से पहचान कर किया गिरफ्तार

**मुंबई, ( ईएमएस )।** मुंबई पुलिस ने बिना किसी ठोस सबूत के एक बेहद पेचीदा केस को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। दरअसल एक महीने पहले ज्वेलरी शॉप में चोरी करने वाले ??चोर को पकड़ने की कोशिश कर रही मुंबई पुलिस की टीम ने आरोपी को आख़िरकार उसके जूते से पहचान कर उसे उत्तर प्रदेश में ढूंढ निकाला है। यह कारनामा कर दिखाया है मुंबई की मालाड पुलिस ने। जूते की मदद से चोर की पहचान करने और उसे उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की तारीफ हो रही है। शुरुआत में पुलिस ने चोर की पहचान करने के लिए फेशियल रिकग्निशन सिस्टम का इस्तेमाल किया था। हालांकि, पुलिस उसमें सफल नहीं हुई। आखिरकार पुलिस ने कपड़े और बदले हुए रास्ते के बावजूद चोर को उसके जूते की मदद से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए शख्स का नाम मुकीम मतीन खान है और उसकी उम्र 30 साल है।

# सिस्टम कमजोर होने से गुजरात को मानसून की बारिश के लिए अभी भी इंतजार करना होगा



**अहमदाबाद ( ईएमएस )।** गुजरात में 15 जून के आसपास मानसून दस्तक दे सकता है। ऐसे में मौसम विभाग ने अगले 7 दिनों तक हल्की बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण भारत में बने सिस्टम के कारण बारिश का आगमन 15 जून से पहले होने की उम्मीद थी, लेकिन दक्षिण भारत में इसकी गति अब धीमी हो गई है। महाराष्ट्र के आसपास सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण तंत्र कमजोर हो गया है और बारिश की गति भी धीमी हो गई है। जिसके कारण गुजरात में मानसून के आगमन में देरी हो सकती है। बारिश लाने वाला सिस्टम तेजी से दक्षिण भारत से महाराष्ट्र पहुंचा, लेकिन यहां पहुंचने के बाद यह कमजोर पड़ गया और गुजरात तक नहीं पहुंच सका। ऐसे में गुजरात को अच्छी बारिश के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। मौसम विभाग ने अपने नए पूर्वानुमान में कहा है कि गुजरात में अगले 7 दिनों तक हल्की बारिश होने की संभावना है। इसका मतलब यह है कि गुजरात के लोगों को हल्की बारिश से ही संतुष्ट होना पड़ेगा। गुजरात में 22 से 30 जून तक आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश की प्रबल संभावना है। 2 जून को साबरकांठा, अरवल्ली, महिसागर, दाहोद, छोटा उदेपुर, नर्मदा, वलसाड, दमन, नवसारी, तापी, सूरत, भावनगर, अमरेली, दीव, गिर सोमनाथ, खेड़ा, आणंद, वडोदरा, दादरा और नगर हवेली इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। 3 जून को बनासकांठा, साबरकांठा, अरवल्ली, खेड़ा, आनंद, महिसागर, दाहोद, वडोदरा, छोटा उदेपुर, नर्मदा, भरूच, सूरत, तापी, डांग, नवसारी, वलसाड, दमन, दादरा और नगर हवेली, भावनगर, अमरेली, गिरसोमनाथ, जूनागढ़ और पोरबंदर में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं 4 जून को छोटा उदयपुर, दाहोद और महिसागर में बारिश की संभावना है, जबकि गांधीनगर, साबरकांठा और मेहसाणा में गरज के साथ मध्यम बारिश की संभावना है। दमन और दादरा नगर हवेली में गरज के साथ बारिश हो सकती है। 4 जून को अहमदाबाद में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। गुजरात में पिछले सप्ताह से जारी तूफानी हवाओं के कारण कुछ अलग-अलग इलाकों में गरज के साथ बारिश हुई है, लेकिन गुजरात को अभी भी मानसून की बारिश के लिए इंतजार करना होगा। मौसम विभाग के मुताबिक गुजरात में फिलहाल ऐसा कोई सिस्टम सक्रिय नहीं है, जिससे मानसून जल्दी गुजरात पहुंचे।

# आरपीएफ ने सख्त कार्रवाई करते हुए अनधिकृत पार्किंग पर कसा शिकंजा, 14 वाहन किए जब्त

**अहमदाबाद ( ईएमएस )।** अहमदाबाद रेलवे स्टेशन परिसर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) अहमदाबाद द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में नो पार्किंग जोन में नियमों की अनदेखी करते हुए अवैध रूप से खड़े टैक्सी और ऑटो रिक्शा न केवल यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहे थे बल्कि यात्रियों की आवाजाही में भी असुविधा का कारण बन रहे थे। इस स्थिति पर नियंत्रण पाने हेतु आरपीएफ ने एक सुनियोजित कार्रवाई करते हुए कुल 14 टैक्सी एवं ऑटो रिक्शा जब्त किए। सभी जब्त वाहनों के चालकों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम के तहत नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जा रही है। रेलवे परिसर में अनुशासनहीनता, अव्यवस्था एवं नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रेलवे स्टेशन एक सार्वजनिक सेवा का केंद्र है, जहां सुव्यवस्था, शांति और सुरक्षा सर्वोपरि है। नो पार्किंग क्षेत्र में मनमानी करने वाले चालकों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी, आरपीएफ की निगरानी सतत जारी है और भविष्य में इस प्रकार की किसी भी गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

फाइबरवेब (इं डया) ल मटेड

सीआईएन नंबर: **L25209DD1985PLC004694**

पंजीकृत कार्यालय: एयरपोर्ट रोड, कडैया, नानी दमन, दमन (यू.टी.) - **396210**। वेबसाइट: **www.fiberwebindia.com** ई-मेल आईडी: **fiberweb@fiberwebindia.com**

फ़ोन नंबर: **0260-2221458**, फैक्स नंबर: **0260-2220758**

(रूपय लाख म)

**31/03/2025** का समाप्त चाथा तिमाहा आर वष क लए स्टडअलान आ डटड वत्ताय पारणामा का ववरण

| | ववरण | स्टडअलान | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **31.03.2025** को समाप्त तिमाही | **31.12.2024** को समाप्त तिमाही | पछले वर्ष में समाप्त हुए संगत **3** महीने **31.03.2024** | **31.03.2025** को समाप्त वर्तमान अव ध के लए वर्ष-दर-वर्ष आकड़े | **31.03.2024** को समाप्त पछली अव ध के लए वर्ष-दर-वर्ष आकड़े |
| | | लेखा परी क्षत | अलेखा परी क्षत | लेखा परी क्षत | लेखा परी क्षत | लेखा परी क्षत |
| 1 | परिचालन से कुल आय (अन्य आय सहित) | 2656.97 | 2656.97 | 2656.97 | 2656.97 | 2656.97 |
| 2 | अव ध के लए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले, असाधारण और/या असाधारण मदें#) | 482.69 | 427.03 | 312.57 | 1693.74 | 736.10 |
| 3 | अव ध के लए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले, (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | 482.69 | 427.03 | 312.57 | 1693.74 | 736.10 |
| 4 | कर के बाद की अव ध के लए शुद्ध लाभ / (हानि), (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | 501.43 | 355.03 | 352.43 | 1500.45 | 726.96 |
| 5 | अव ध के लए कुल व्यापक आय [अव ध के लए लाभ / (हानि) (कर के बाद), और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शा मल] | 501.43 | 355.03 | 352.43 | 1500.45 | 726.96 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 2879.17 | 2879.17 | 2879.17 | 2879.17 | 2879.17 |
| 7 | पछले वर्ष की लेखापरी क्षत बैलेंस शीट में दर्शाए अनुसार आर क्षत नि धयाँ (पुनर्मूल्यांकन आर क्षत नि धयों को छोड़कर)। | - | - | - | 14755.76 | 13255.31 |
| 8 | प्रति शेयर आय (10/- रुपये प्रत्येक) (जारी और बंद परिचालन के लए) | - | - | - | - | - |
| | (क) ब सक | 1.74 | 1.23 | 1.22 | 5.21 | 2.52 |
| | (ख) डायलूटेड | 1.74 | 1.23 | 1.22 | 5.21 | 2.52 |

नोट:

1. . स्टैंडअलोन ऑ डटेड वत्तीय परिणाम के उपरोक्त ववरण की समीक्षा ऑ डट स मति द्वारा की गई तथा 29.05.2025 को आयोजित बोर्ड मीटिंग में इसे मंजूरी दी गई। कंपनी के सां व धक लेखा परीक्षकों ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लए उपरोक्त परिणामों का ऑ डट कया है। कंपनी के तिमाही वत्तीय परिणामों पर लेखा परीक्षकों के निष्कर्ष तथा वर्ष-दर-वर्ष वत्तीय परिणामों पर राय अपरिवर्तित है।
2. उपरोक्त भारतीय प्रतिभूति और वनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) वनियम, 2015 के वनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दा खल वत्तीय परिणामों के वस्तृत प्रारूप का एक अंश है। वत्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) (www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.fiberwebindia.com) पर उपलब्ध है।
3. उपरोक्त परिणाम कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा अ धसू चत भारतीय लेखांकन मानकों (INDAS) के अनुरूप हैं।
4. संगत पछली अव ध के आंकड़ों को जहाँ भी आवश्यक हो, उन्हें तुलनीय बनाने के लए पुनः समूहीकृत/पुनः वर्गीकृत कया गया है। पछली तिमाहियों के आंकड़े पूरे वत्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरी क्षत आंकड़ों और संबं धत वत्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक प्रका शत वर्ष-दर-वर्ष के आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं।

स्थान : मुंबई
दिनांक: 1st जून 2025

निदेशक मंडल की ओर से फायरवेब(इं डया) ल मटेड
प्रवीण वी सेठ
अध्यक्ष व निदेशक
डीआईएन: **00138797**

## एसओजी ने बीते 6 महीने में 1.54 करोड़ के मादक पदार्थों के साथ 26 आरोपियों को गिरफ्तार किया

**वडोदरा ( ईएमएस )।** विशेष ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) पिछले 6 महीनों में एनडीपीएस अधिनियम के तहत 15 मामले दर्ज कर 26 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में जब्त की गई वस्तुओं में 1.54 करोड़ रुपये मूल्य का गांजा, चरस, एमडी ड्रग्स, नशीली गोलियां और हाइब्रिड गांजा शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक वडोदरा एसओजी ने 1 दिसंबर 2024 से 31 मई 2025 तक बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 माह की अवधि में 15 एनडीपीएस मामले दर्ज कर इन मामले में 26 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया7 इस कार्यवाही के दौरान रु. 43.33 लाख रुपये मूल्य के पौधे से प्राप्त नशीले पदार्थ, रु. 46.78 लाख का हाइब्रिड गांजा, रु. 50.50 लाख कीमत के अवैध कफ सिरप व टेबलेट 6.73 लाख रुपए कीमत के एमडी ड्रग्स, 6.82 लाख रुपये की अफीम बरामद और 18 हजार रुपए कीमत की चरस जब्त की गई7 एसओजी ने इस कार्यवाही से कुल रु. 1.25 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ, 3.94 लाख रुपये नकद, साथ ही अन्य 24.57 लाख रुपए समेत कुल रु. 1.54 लाख रुपये का माल जब्त किया गया है।

## देहव्यापार के अड्डे पर पुलिस का छापा, होटल मालिक समेत महिला एजंट गिरफ्तार

**अहमदाबाद ( ईएमएस )।** शहर के इसनपुर क्षेत्र में चल रहे देहव्यापार के अड्डे पर पुलिस ने रेड कर होटल मालिक समेत महिला एजंट को गिरफ्तार कर लिया। महिला एजंट बांग्लादेशी युवतियों को होटल में लाकर उनसे देहव्यापार कराती थी और उनसे कमीशन लेती थी। जानकारी के मुताबिक अहमदाबाद एसओजी को सूचना मिली थी कि शहर के इसनपुर स्थित जलपरि कांप्लेक्स में बांग्लादेशी महिलाओं को लाकर उनसे देहव्यापार कराया जाता है। सूचना के आधार पर एसओजी ने पहले एक डमी ग्राहक भेजा और देहव्यापार की पुष्टि होने के बाद रेड कर दी। छापे के दौरान कांप्लेक्स की तीन दुकानों में बनी होटल से महिला एजंट रिया ठाकुर और अन्य चार महिला मिलीं। जांच में खुलासा हुआ कि रिया ठाकुर महिलाओं से देहव्यापार कराती थी और उनसे कमीशन लेती थी। इस खुलासे के बाद पुलिस ने रिया ठाकुर और जनता के होटल के मालिक गोपाल को गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही शुरू की।

Adv. for applicant S D Modasia
Next date: 10/06/2025

PUBLIC NOTICE

IN THE COURT OF THE HON'BLE CIVIL JUDGE SENIOR DIVISION, DIU, AT: DIU.

CNR-UTDD02-000279-2025
C. M. A. No. 176/2025

1. Narshih Ramji Bariya & Anr, ......... Applicant/s

Vs

The Civil Registrar Diu. ........ Opponent/s

The public at large to take note that applicants above named have filed application for rectification of their marriage records under Article 3 read with article 97 & 98 of Portuguese Civil Registration Code.

Whereas they intendant to rectify the date of marriage / their names / their parents names previ ously registered in the record of marriage kept and preserved by Civil Registrar Office, Diu, against Marriage **Entry No. 150/2004, dated: 10/06/2004.**

Therefore, if anybody has any objection for rectification of the marriage record of Civil Registrar Diu, shall appear either in person or through advocate and file written objection within 30 days of publication of this notice. If objection of whatsoever nature is not registered before this Hon'ble Court then necessary order will be passed and objection if any raised afterwards shall not be considered.

Place: Diu.
Date: 27/05/2025.

CIVIL JUDGE, S.D., COURT DIU

By Order
A. S. / Superintendent,
Diu

